प्रेस नोट

सराहनीय कार्य जनपद कानपुर देहात
दिनांक- 18.09.2023

- **अपराध नियंत्रण की दिशा में जनपद कानपुर देहात पुलिस को जागते रहो अभियान के अन्तर्गत मिली सफलता, थाना शिवली पुलिस की कार्यवाही से चोरी गयी 02 अदद मोटरसाइकिल नंबर UP 32 KD 6579 (HF डिलक्स), मोटरसाइकिल नंबर UP 32 JZ 9635 पैशन प्रो, एक अदद तमन्चा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर, जोन कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर, रेन्ज कानपुर, श्री प्रशान्त कुमार के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक जनपद कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान 'जागते रहों अभियान' के क्रम में थाना शिवली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 17.09.2023 को समय 21.00 बजे शिवली रसूलाबाद मार्ग पर रूरा मोड से 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से 02 अदद मोटरसाइकिल नंबर UP 32 KD 6579 (HF डिलक्स) व मोटरसाइकिल नंबर UP 32 JZ 9635 पैशन प्रो व एक अदद तमन्चा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त ने अपना नाम राहुल पुत्र गजे सिंह निवासी मोठ लौहारी थाना नारनौल जिला हिसार राज्य हरियाणा उम्र करीब 21 वर्ष बताया तथा अभियुक्त राहुल का एक और अन्य साथी सुमित कुमार पुत्र ओमकुमार निवासी शिवपुरीशाला पचावली रोड कस्बा इटावा कोतवाली इटावा जनपद इटावा मोटर साइकिल छोड़ कर मौके से भाग गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 328/2023 धारा 41/102 दं0प्र0सं0 व 411 भा0द0वि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम 1. राहुल पुत्र गजे सिंह निवासी मोठ लौहारी थाना नारनौल जिला हिसार राज्य हरियाणा 2. सुमित कुमार पुत्र ओमकुमार निवासी शिवपुरीशाला पचावली रोड कस्बा इटावा कोतवाली इटावा जनपद इटावा के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरुध्द नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। मौके से भागे हुए अभियुक्त की तलाश की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

राहुल पुत्र गजे सिंह नि0 मोठ लौहारी थाना नारनौल जिला हिसार राज्य हरियाणा उम्र करीब 21 वर्ष।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0 328/2023 धारा 41/102 दं0प्र0सं0 व 411 भा0द0वि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना शिवली जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री अभिषेक यादव थाना शिवली जनपद कानपुर देहात।
2. उ0नि0 श्री कृपाल सिंह थाना शिवली जनपद कानपुर देहात।
3. का0 877 सत्यवीर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात।
4. का0 379 अनुज थाना शिवली जनपद कानपुर देहात।